Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 2 | अंक 42

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

The Weekly BADAR Qadian HINDI

मूल्य 300 रुपए वार्षिक

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

19 अक्तूबर 2017 ई. 28 मुहर्रम 1439 हिजरी कमरी

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़ज़ल नाज़िल करे। आमीन

ख़ुदा ने हज़ारों लोग ऐसे पैदा किए कि जिन के हृदयों में उसने मेरा प्रेम भर दिया। कुछ ने मेरे लिए प्राणों को बलिदान कर दिया तथा कुछ ने मेरे लिए अपना आर्थिक विनाश स्वीकार कर लिया तथा कुछ मेरे लिए अपने घरों से निकाले गए तथा कष्ट दिए गए और सताए गए तथा हज़ारों ऐसे लोग हैं कि वे अपनी व्यक्तिगत आवश्यकताओं पर मुझे प्राथमिकता देकर अपने प्रिय धन मेरे सम्मुख रखते

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

72. बहत्तरवां निशान - कुछ कट्टर विरोधी जिन्होंने मुबाहले के तौर पर "झूठों पर ख़ुदा की ला'नत" कहा था। वे ख़ुदा के अज़ाब में ग्रसित होकर मृत्यु को प्राप्त हुए जैसा कि मौलवी रशीद अहमद गंगोही पहले अंधा हुआ और फिर सांप के काटने से मर गया तथा कुछ लोग पागल होकर मर गए जैसा कि मौलवी शाहदीन लुधियानवी और मौलवी अब्दुल अज़ीज़, मौलवी मुहम्मद तथा मौलवी अब्दुल्लाह लुधियानवी जो प्रथम श्रेणी के विरोधी थे तीनों मर गए। इसी प्रकार अब्दुर्रहमान मुहियुद्दीन लखूके वाले अपने उस इल्हाम के पश्चात् कि झूठे पर ख़ुदा का अज़ाब उतरेगा मृत्यु के घाट उतरे।

73. तिहत्तरवां निशान - इसी प्रकार मौलवी ग़ुलाम दस्तगीर क़सूरी ने अपने तौर पर मुझ से मुबाहला किया और अपनी पुस्तक में दुआ की कि जो झूठा है ख़ुदा उसे तबाह करे। फिर इस दुआ से कुछ दिन पश्चात् स्वयं ही मृत्यु का शिकार हो गया। यह विरोधी मौलवियों के लिए यदि वे समझते तो कितना बड़ा निशान था।

74. चौहत्तरवां निशान - इसी प्रकार मौलवी मुहम्मद हसन भींवाला मेरी भविष्यवाणी के अनुसार मरा जैसा कि मैंने विस्तारपूर्वक अपनी पुस्तक 'मवाहिबुर्रहमान' में लिखा है।

75. पचहत्तरवां निशान - मैंने अपनी पुस्तक नूरुलहक़ के पृष्ठ 35 से 38 तक यह भविष्यवाणी लिखी है कि ख़ुदा ने मुझे यह सूचना दी है कि रमज़ान में चन्द्र एंव सूर्य ग्रहण हुआ। यह भावी अज़ाब की एक भूमिका है। अत: इस भविष्यवाणी के अनुसार देश में ऐसी प्लेग फैली कि अब तक तीन लाख के लगभग लोगों की मृत्यु हा गई।

76. छिहत्तरवां निशान - बराहीन अहमदिया में मेरे बारे में ख़ुदा तआला की यह भविष्यवाणी है القيت عليك محبّةً منّی و لتصنع علٰی عینی अर्थात् ख़ुदा तआला का कथन है कि मैं लोगों के हृदय में तेरा प्रेम डालूंगा और मैं अपनी आंखों के सामने तेरा पोषण करूंगा। यह उस समय का इल्हाम है कि जब एक व्यक्ति भी मेरे साथ संबंध नहीं रखता था। फिर एक समय के पश्चात् यह इल्हाम पूरा हुआ और ख़ुदा ने हज़ारों लोग ऐसे पैदा किए कि जिन के हृदयों में उसने मेरा प्रेम भर दिया। कुछ ने मेरे लिए प्राणों को बलिदान कर दिया तथा कुछ ने मेरे लिए अपना आर्थिक विनाश स्वीकार कर लिया तथा कुछ मेरे लिए अपने घरों से निकाले गए तथा कष्ट दिए गए और सताए गए तथा हज़ारों ऐसे लोग हैं कि वे अपनी व्यक्तिगत आवश्यकताओं पर मुझे प्राथमिकता देकर अपने प्रिय धन मेरे सम्मुख रखते हैं[1] तथा मैं देखता हूं कि उनके हृदय प्रेम से परिपूर्ण हैं तथा बहुत से ऐसे लोग हैं कि यदि मैं कहूं कि वे अपने धन से पूर्णतया पृथक हो जाएं या अपने प्राणों को मेरे लिए अर्पण कर दें तो वे तैयार हैं। जब मैं इस स्तर की श्रद्धा एवं निष्ठा अपनी जमाअत के अधिकतर लोगों में देखता हूं तो सहसा मुझे कहना पड़ता है कि हे मेरे सामर्थ्यवान ख़ुदा ! वास्तव में कण-कण पर तेरा अधिकार है, तूने इन हृदयों को ऐसे उपद्रवों से भरपूर युग में मेरी ओर आकृष्ट किया और उन्हें दृढ़ता प्रदान की। यह तेरी शक्ति का महानतम चमत्कार है।

(हक़ीक़तुल वह्यी, पृष्ठ 115 -118, रूहानी ख़ज़ायन, जिल्द 22, पृष्ठ 238-240)

---

1 **हाशिया** - मैं अपने लेख में इस स्थान पर पहुंचा था और यह वाक्य लिख चुका था कि उसी समय एक निष्कपट सत्यनिष्ठ का पत्र आया जो मेरी जमाअत में सम्मिलित है। चूंकि वह पत्र इस वाक्य के बिल्कुल लिखने के समय आया तथा उसके यथानुकूल था इसलिए उसे नीचे लिखता हूं और वह यह है :- मेरी बड़ी इच्छा है कि प्रलय में आपकी छत्रछाया में शुभ जमाअत में सम्मिलित हूं जैसा कि अब हूं आमीन। मान्यवर ! ख़ुदा तआला उचित तौर पर जानता है कि विनीत को उच्चतम गुणों से परिपूर्ण आप के अस्तित्व से इतना प्रेम है कि मेरा सम्पूर्ण धन, तन आप पर बलिदान है तथा मैं हज़ार प्राणों से आप पर न्यौछावर हूं। मेरे भाई और माता-पिता आप पर न्यौछावर हों। ख़ुदा मेरा अन्त आप के प्रेम और आज्ञाकारिता की स्थिति में करे। आमीन।

من اگر میداشتم بال و پرے   می پریدم سوئے کوئے تو مدام

(यदि मेरे पंख होते तो मैं हमेशा तेरे ही कूचे में उड़ता रहता) विनीत - सय्यद नासिर शाह ओवरसीयर - स्थान बारामूला कश्मीर - 15 अगस्त 1906 ई.।

वास्तव में यह निष्कपट नौजवान नितान्त निष्कपट भावना रखता है और दो हज़ार रुपए के लगभग या इससे अधिक अपने प्रेमावेग से दे चुका है। इस पत्र के साथ भी पहुंचे। इसी से।

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

पहले मसीह की वफात हो गई है हज़रत मसीह ही इमाम महदी हैं

मुहम्मद हमीद कौसर, कादियान

(भाग-2)

हज़रत इमाम मलिक ने अपनी इस किताब में (दूसरे) मसीह मरियम से संबंधित हदीसों का ज़िक्र तो क्या है। लेकिन इमाम महदी से संबंधित हदीसों का कोई ज़िक्र नहीं जिससे यह साबित हो रहा है कि इमाम मलिक जैसे प्रतिष्ठित आलिम महदी के अलग व्यक्तित्व वाली हदीसों को सही नहीं मानते थे बल्कि दूसरे मसीह को ही महदी मानते थे इस लिए महदी का अलग उल्लेख नहीं किया।

इसी तरह बुख़ारी जो बहुमत मोहद्देसीन के निकट अल्लाह की किताब के बाद सब से अधिक सहीह है इसमें (दूसरे) मसीह के साथ अलग किसी इमाम महदी के आने का उल्लेख नहीं है। लेकिन इसके विपरीत ईसा के नाज़िल होने का बाब (अध्याय) है ।

फिर सही मुस्लिम जो सिहाह सित्ता में बुख़ारी के बाद सबसे प्रामाणिक और मानक मानी जाती है इसमें मसीह के नाज़िल होने की हदीसें तो मौजूद हैं मगर उसी समय में मसीह के साथ इमाम महदी के आने का उल्लेख मौजूद नहीं, विस्तृत चर्चा तो दूर की बात है इन उक्त तीनों पुस्तकों में आने वाले के लिए इमाम महदी के शब्दों का उल्लेख नहीं किया गया था तो मानो शुरुआती दौर की इन तीन हदीस की पुस्तकों में जो अत्यधिक उच्च स्तर की और प्रमाणिक और गुणवत्ता में शेष पुस्तकों से बढ़ कर एक विशेष स्थान रखती हैं इमाम महदी की अलग व्यक्ति का उल्लेख न होना यह साबित कर रहा है कि इमाम महदी के अलग व्यक्तित्व की हदीसें मूज़ूअ (बनावटी) हैं।

यही कारण है कि महदी की हदीसों में इतना मतभेद और विसंगति पाई जाती हैं कि मोहद्देसीन को यह कहना पड़ा कि महदी की अक्सर हदीसें जिरह और आलोचना से खाली नहीं हैं। जैसे अल्लामा इब्ने खलदून ने मुक़दमा इब्ने ख़लदून में महदी की हदीसों के उल्लेख में लिखते हैं:

فَھٰذِہٖ جُمْلَۃُ الْاَحَادِیْثِ الَّتِیْ خَرَّجَھَا الْاَئِمَّۃُ فِیْ شَاْنِ الْمَھْدِیِّ وَخُرُوْجِہٖ آخِرَ الزَّمَانِ وَھِیَ کَمَا رَاَیْتَ لَمْ یَخْلُصْ مِنْھَا مِنَ النَّقْدِ اِلَّا الْقَلِیْلُ وَالْاَقَلُّ مِنْہُ

(मुकदमा इब्ने खुलदून अब्दुर्रहमान बिन मुहम्मद बिन ख़ुलदून पृष्ठ 322 बैरूत लेबनान)

अर्थात हे पाठक जैसा कि तो देख रहा है कि यह समस्त हदीसें जो हदीस के इमामों ने महदी की शान और उसके आख़री ज़माना में उद्भव के बारे में विस्तार से बयान की हैं वे आलोचना से ख़ाली नहीं हैं, लेकिन इन में से बहुत थोड़ी हैं

फिर हदीसों की दो प्रमाणिक किताबें जो सहीहीन कहलाती हैं यानी सही बुखारी और सही मुस्लिम में ऐसी हदीसें मिलती हैं जिनमें मसीह को ही उम्मते मुहम्मदिया का इमाम बताया गया है। जैसे सहीह बुख़ारी में हदीस के शब्द पाए जाते हैं:

کَیْفَ اَنْتُمْ اِذَا نَزَلَ ابْنُ مَرْیَمَ فِیْکُمْ وَاِمَامُکُمْ مِنْکُمْ

(सही बुख़ारी किताबुल अंबिया बाब नुज़ूल ईसा इब्ने मरियम अलैहिस्सलाम)

यानी हे मुसलमानों तुम्हारी कैसी हालत होगी जब तुम्हारे बीच (दूसरे) इब्ने मरियम नाज़िल होगा इस हाल में कि वह तुम में से से तुम्हारा इमाम होगा।

इस हदीस में आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने (दूसरे) मसीह मरियम को ही उम्मते मुहम्मदिया का इमाम क़रार दिया है और किसी अलग इमाम महदी का उल्लेख नहीं किया। इसलिए एक ओर हज़रत इमाम बुखारी का महदी सम्बन्धित किसी अलग हदीस में कोई ज़िकर न करना और दूसरी तरफ आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का इस हदीस को दर्ज करना साफ साबित कर रहा है कि हज़रत इमाम बुख़ारी का मसलक भी यही था कि (दूसरा) मसीह ही महदी होगा। महदी किसी अलग व्यक्तित्व या वुजूद का नहीं होगा बल्कि, (दूसरा) मसीह ही महदी होगा।

फिर सही मुस्लिम जिसे बुख़ारी के बाद सारी हदीस की पुस्तकों में एक विशेष स्थान और सम्मान प्राप्त है और जिसे सहीह बुख़ारी के बाद सही तरीन किताब कहा जाता है। यहां तक कि इस में भी (दूसरे) मसीह को ही इमाम महदी कहा गया हैं अत: हदीस के शब्द इस प्रकार हैं:

کَیْفَ اَنْتُمْ اِذَا نَزَلَ ابْنُ مَرْیَمَ فِیْکُمْ وَاِمَامُکُمْ مِنْکُمْ کَیْفَ اَنْتُمْ اِذَا نَزَلَ ابْنُ مَرْیَمَ فِیْکُمْ فَاَمَّکُمْ

(सही मुस्लिम किताबुल ईमान बाब नुज़ूल ईसा इब्ने मरियम)

यानी हे मुसलमानों तुम्हारी क्या स्थिति होगी जब दूसरा मरियम तुम्हारे बीच प्रकट होगा और वही तुम्हारा इमाम होगा।

हे मुस्लिम! तुम्हारे साथ क्या होगा जब (दूसरा) इब्ने मरियम तुम में नाज़िल होगा और वही तुम्हारा इमाम होगा।

इन तीनों सन्दर्भों से साबित हो रहा है कि हज़रत इमाम बुख़ारी और इमाम मुस्लिम जैसे महानतम आदमी इस बात के मानने वाले थे कि महदी कोई अलग अस्तित्व नहीं है। क्योंकि दोनों बुज़ुर्गों ने अपनी सहीहीन में महदी के अलग व्यक्तित्व का उल्लेख नहीं किया लेकिन बल्कि इसके विपरीत दोनों ने ऐसी हदीसें दर्ज कर दीं जिन में आं हज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मसीह को ही उम्मते मुहम्मदिया का इमाम क़रार दिया है। इन दोनों बुज़ुर्गों का इस प्रकार की हदीसों का उल्लेख साबित कर रहा है कि ये दोनों बुज़ुर्ग मसीह को ही महदी समझते थे क्योंकि अगर उनके निकट महदी अलग अस्तित्व होता तो अवश्य इस प्रकार की रिवायतों को दर्ज करते जिन में महदी को अलग वुजूद के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

इसके अलावा सुनन इब्ने माजा जिस की गिनती सिहाह सित्ता (यानी हदीसों की छह सही सबसे सहीह किताबों) में होता है। इसमें स्पष्टता के साथ यह हदीस मिलती है कि मसीह ही महदी होगा। अत: आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया:

لَا الْمَھْدِیُّ اِلَّا عِیْسَی بْنُ مَرْیَم

(इब्ने माजा किताबुल फितन बाब शिद्दतुज़्ज़मान)

यानी (दूसरे) ईसा बिन मरियम के सिवा कोई महदी नहीं।

मशहूर और प्रसिद्ध मुफ़स्सिर और इतिहासकार अल्लामा इब्ने कसीर ने इस हदीस के बारे में लिखा है कि यह प्रसिद्ध हदीस है।

(अन्हिाया फिल फित्न वल मलाहिम ले हाफिज़ इब्ने कसीर अद्दमशकी पृष्ठ 27 दारुल कुतुब अल्इलमी बैरूत. लेबनान प्रथम संस्करण 1419 हिजरी 1998ई)

इसके अलावा इस हदीस की सनद भी मानक है और इसके सभी रावी भरोसेमंद हैं। इसलिए अस्माउर्रिजाल की मशहूर किताब अत्तहज़ीब से इस हदीस के रावियों का भरोसेमंद होना नीचे लिखा जाता ताकि हदीस की गुणवत्ता का पता चल जाए।

इस हदीस के पहले रावी यूनुस बिन अब्दुल अला अस्सदफी हैं। इस से इमाम मुस्लिम, इमाम निसाई और इब्ने माजा आजि ने रिवायत की हैं। इब्ने अबी हातिम कहते हैं कि मेरे पिता इसे भरोसेमंद बताते और इसकी रिफ़अत शान का उल्लेख करते थे। इमाम निसाई कहते हैं कि वह मज़बूत है और अली बिन हसन बिन बरीद कहते हैं कि वह हाफिज़ुल हदीस था। तहावी ने कहा है कि वह आकिल था और इब्ने हब्बान ने इसका उल्लेख भरोसेमंद रावियों में किया है।

(तहज़ीबुल तहज़ीब जिल्द 11 पृष्ठ 1388 इब्ने हज्र अल्असकलानी वफात 582 हिजरी)

इस हदीस के दूसरे बयान करने वाले मुहम्मद बिन इदरीस शाफई हैं। मुहद्दिसों के निकट इनका मज़बूत होना प्रमाणिक है यह शाफी हैं जो शाफी मस्लक संस्थापक थे।

तीसरे रावी मुहम्मद बिन खालिद जंदी हैं उनके बारे में इमाम इब्न मोइन ने कहा है कि वे भरोसेमंद हैं और तहज़ीबुल तहज़ीब में इब्न मोइन को इमामुल जरह वल तअदील लिखा है। बेशक इमाम हाकिम ने उन्हें मजहूल कहा है लेकिन मजजहूल का अर्थ केवल इतना है कि मैं उन्हें नहीं जानता। अत: हाकिम कामुहम्मद बिन खालिद जंदी को मजहू लकहना उन्हें ग़ैर भरोसेमंद साबित नहीं करता।

(तहज़ीबुल तहज़ीब शब्द मुहम्मद बिन खालिद अलजुंदी)

चौथे रावी अबान बिन सालेह हैं। इब्ने मुईन और अजली और याक़ूब बिन शीबा और अबू ज़रअ और अबू हातिम के निकट भरोसेमंद हैं। और इमाम इब्ने हब्बान ने उन्हें मज़बूत रावियों में शुमार किया है।

(तहज़ीबुल तहज़ीब जिल्द 1 शब्द अब्बान बिन सालिह)

पांचवें रावी हज़रत इमाम हसन बसरी हैं जो हर तरह से आदिल और भरोसेमंद प्रसिद्ध हैं।

छठे रावी हज़रत अनस बिन मालिक हैं जो सहाबी रसूल हैं जिनके

शेष पृष्ठ 12 पर

ख़ुत्बः जुमअः

आज कल पश्चिमी प्रेस और मीडिया यह प्रश्न करता है कि तुम इस्लाम की शांतिपूर्ण शिक्षा के बारे में बात करते हो, लेकिन मुसलमानों की बहुमत ये बातें नहीं करती और न ही वे तुम्हें मुसलमान समझती है। अधिकांश मुसलमान नहीं समझते हैं और अहमदियों की संख्या अन्य मुसलमानों की तुलना में बहुत कम है। जब यह स्थिति है तो अहमदी कैसे इस्लाम की वास्तविक शिक्षा पर चलने का दावा कर सकते हैं। जर्मनी में भी पिछले दौरे में यही सवाल मुझसे किया गया और फिर यह भी कहते हैं कि बाकी मुसलमानों को तुम किस तरह इस शिक्षा पर चलने के लिए राज़ी करोगे।

हमारा जवाब हमेशा यही होता है कि हम इस्लाम की जिस शिक्षा की बात करते हैं इसे कुरआन कीरम से, हदीस से, आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सुन्नत से बात करते हैं। हमारी कोई हवा में बातें नहीं हैं कि दूसरों को प्रभावित करने के लिए इन आपत्तियों को दूर करने के लिए हम कहते हैं कि इस्लाम की शिक्षा चरमपंथ की शिक्षा हरगिज़ नहीं है या कोई आजकल के हालात देख कर हम ने अपना यह रुख़ धारण नहीं क्या हुआ। हम यह साबित करते हैं कि इस्लाम की शिक्षा हमेशा ख़ुदा तआला के अधिकारों और बन्दों के अधिकारों को अदा करने की शिक्षा है।

जहां तक यह सवाल है कि दूसरे मुसलमानों को शिक्षा के अनुसार हम कैसे राज़ी करेंगे तो इसका जवाब यह है कि आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की भविष्यवाणी के अनुसार मुसलमानों की ऐसी विकृत स्थिति के समय में मसीह मौऊद और महदी मौऊद के ने आना था और मुसलमानों का भी सुधार करना था और दूसरी दुनिया को इस्लाम का सच्चे संदेश पहुंचाना था। अतः आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की यह भविष्यवाणी बड़ी शान से पूरी हुई और जब यह स्थिति थी तो मसीह मौऊद और महदी मौऊद को अल्लाह तआला ने भेजा और उसने आकर हमें इस्लाम और कुरआन की वास्तविक शिक्षा का एहसास दिया और इस्लाम के हर आदेश की हिक्मत समझाई और हम अहमदी मुसलमान जिन्होंने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को स्वीकार किया है उसके अनुसार इस्लाम की शिक्षा मुसलमानों को भी और ग़ैर मुस्लिमों को भी बता रहे हैं। हमारा काम तब्लीग़ का काम है। मिशनरी काम है। अतः इस को हम कर रहे हैं और इन्शा अल्लाह करते रहेंगे।

हम उन्हें यही कहते हैं कि तुम यह कहते हो कि दूसरे मुसलमानों को कैसे इस शिक्षा पर चलाओगे तो जमाअत अहमदिया जो अब करोड़ों में फैल चुकी है अधिकतर मुसलमानों के दूसरे फिर्कों से आकर ही शामिल हुए हैं जो संदेश को समझते हैं और ज्यों-ज्यों लोगों पर वास्तविक शिक्षा स्पष्ट होती चली जाती है हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के दावे का पता चलता चला जाता है। आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के उपदेश और आप की पेशगोइयों को समझने लगते हैं मुसलमानों में भी ये लोग बहुमत में हम में शामिल हो रहे हैं और दूसरे धर्मों से भी लोग हम में शामिल हो रहे हैं और इन्शा अल्लाह यही कम संख्या एक दिन अधिकता में बदल जाएगी। यह अल्लाह तआला का वादा है और इस के नमूने हर दिन हम रोज़ देखते हैं।

प्रत्येक वर्ष लाखों की संख्या में लाखों जमाअत में शामिल होते हैं, इनमें से अधिकांश मुसलमानों में से ही हैं इस के बावजूद के हमारे पास संसाधन कम हैं, मुबल्लिग़ों की संख्या बहुत कम है, लेकिन फिर भी ख़ुदा तआला असामान्य परिणाम पैदा कर रहा है, बल्कि बहुत से लोग ऐसे जमाअत में शामिल होते हैं, जिन्हें ख़ुदा तआला स्वयं मार्गदर्शन करता है। अतः सपनों के माध्यम से बहुतों को हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम और जमाअत का परिचय हुआ और आप की सच्चाई उन पर स्पष्ट हुई और फिर एक समय के बाद किसी कारण से उन्हें अपनी खवाबें याद आती हैं। कई बार यह होता है कि बचपन में ख़ुवाबें देखीं या बहुत पहले समय में देखी हैं या बहुत जवाना में देखीं या बहुत समय पहलेदेखीं और फिर कुछ समय पहले उन्हें किसी न किसी कारण से वह ख़बाव याद आ जाती है तो वह बैअत कर लेते हैं। कुछ को पहले परिचय होता है और फिर वे इस्तिख़ारा करते हैं और अल्लाह तआला के मार्गदर्शन में जमाअत में शामिल हो जाते हैं। कुछ तब्लीग़ सुनते हैं जिस में अब मुबल्लग़ीन मुअल्लेमीन के अतिरिक्त अब हमारे रेडियो और टेलीविज़न के चैनल भी शामिल हो गए हैं, तो इस संदेश को सुन कर ख़ुदा तआला उन के दिल खोलता है। कुछ ऐसे लोग हैं जो जमाअत के विरोधियों के विरोध और उनके अंजाम को देख कर अहमदियत स्वीकार कर लेते हैं। कुछ को अल्लाह तआला निशान दिखाता है।

ख़वाबों के माध्यम से अल्लाह तआला की तरफ से अहमदियत की सच्चाई की तरफ मार्गदर्शन की घटनाओं का ईमान वर्धक वर्णन। कई बार निशान लोगों के लिए हिदायत का और बैअत का माध्यम बन जाते हैं। कई बार विरोधी भी नेक प्रकृति लोगों के लिए सच्चाई की तहकीक के रास्ते खोल देते हैं। विभिन्न देशों से सम्बन्ध रखने वाले ईमान वर्धक घटनाओं का वर्णन।

अल्लाह तआला लोगों को इस्लाम की वास्तविक शिक्षा की ओर ला रहा है और इंशा अल्लाह एक दिन हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम द्वारा ही वास्तविक इस्लाम दुनिया में विजयी होगा। अल्लाह तआला प्रत्येक को तौफीक दे कि वह इस बरकत से हिस्सा लेने के लिए लेने वाला हो और इस ओर ध्यान दे।

आदरणीया ख़ुर्शीद रुकय्या साहिबा (पत्नी आदरणीय मंज़ूर अहमद घनोखे दरवेश कादियान) और आदरणीय डाक्टर सलाहुद्दीन साहिबन्यू जर्सी की वफात। मरहूमीन का ज़िक्रे ख़ैर और नमाज़ जनाज़ा गायब।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 15 सितम्बर 2017 ई. स्थान - मस्जिद बैतुलफ़ुतूह, मोर्डन लंदन, यू.के.

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَاالضَّآلِّيْنَ ۔

आज कल पश्चिमी प्रेस और मीडिया यह प्रश्न करता है कि तुम इस्लाम की शांतिपूर्ण शिक्षा के बारे में बात करते हो, लेकिन मुसलमानों की बहुमत ये बातें नहीं

करती और न ही वे तुम्हें मुसलमान समझती है। अधिकांश मुसलमान नहीं समझते हैं और अहमदियों की संख्या अन्य मुसलमानों की तुलना में बहुत कम है। जब यह स्थिति है तो अहमदी कैसे इस्लाम की वास्तविक शिक्षा पर चलने का दावा कर सकते हैं। जर्मनी में भी पिछले दौरे में यही सवाल मुझसे किया गया और फिर यह भी कहते हैं कि बाकी मुसलमानों को तुम किस तरह इस शिक्षा पर चलने के लिए राज़ी करोगे। तुम अगर कहते हो यही इस्लामी शिक्षा है।

हमारा जवाब हमेशा यही होता है कि हम इस्लाम की जिस शिक्षा की बात करते हैं इसे कुरआन कीरम से, हदीस से, आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सुन्नत से बात करते हैं। हमारी कोई हवा में बातें नहीं हैं कि दूसरों को प्रभावित करने के लिए इन आपत्तियों को दूर करने के लिए हम कहते हैं कि इस्लाम की शिक्षा चरमपंथ की शिक्षा हरगिज़ नहीं है या कोई आजकल के हालात देख कर हम ने अपना यह रुख़ धारण नहीं क्या हुआ। हम यह साबित करते हैं कि इस्लाम की शिक्षा हमेशा ख़ुदा तआला के अधिकारों और बन्दों के अधिकारों को अदा करने की शिक्षा है।

जहां तक यह सवाल है कि दूसरे मुसलमानों को शिक्षा के अनुसार हम कैसे राज़ी करेंगे तो इसका जवाब यह है कि आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की भविष्यवाणी के अनुसार मुसलमानों की ऐसी विकृत स्थिति के समय में मसीह मौऊद और महदी मौऊद के ने आना था और मुसलमानों का भी सुधार करना था और दूसरी दुनिया को इस्लाम का सच्चे संदेश पहुंचाना था। अत: आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की यह भविष्यवाणी बड़ी शान से पूरी हुई और जब यह स्थिति थी तो मसीह मौऊद और महदी मौऊद को अल्लाह तआला ने भेजा और उसने आकर हमें इस्लाम और कुरआन की वास्तविक शिक्षा का एहसास दिया और इस्लाम के हर आदेश की हिक्मत समझाई और हम अहमदी मुसलमान जिन्होंने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को स्वीकार किया है उसके अनुसार इस्लाम की शिक्षा मुसलमानों को भी और ग़ैर मुस्लिमों को भी बता रहे हैं। हमारा काम तब्लीग़ का काम है। मिशनरी काम है। अत: इस को हम कर रहे हैं और इन्शा अल्लाह करते रहेंगे। इलाही जमाअतें और नबियों की जमाअतें दिनों में तरक्की नहीं करती हैं या फैल जाया करती हैं, बल्कि धीरे-धीरे फैलती और बढ़ती हैं।

हम उन्हें यही कहते हैं कि तुम यह कहते हो कि दूसरे मुसलमानों को कैसे इस शिक्षा पर चलाओगे तो जमाअत अहमदिया जो अब करोड़ों में फैल चुकी है अधिकतर मुसलमानों के दूसरे फिर्कों से आकर ही शामिल हुए हैं जो संदेश को समझते हैं और ज्यों-ज्यों लोगों पर वास्तविक शिक्षा स्पष्ट होती चली जाती है हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के दावे का पता चलता चला जाता है। आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के उपदेश और आप की पेशगोइयों को समझने लगते हैं मुसलमानों में भी ये लोग बहुमत में हम में शामिल हो रहे हैं और दूसरे धर्मों से भी लोग हम में शामिल हो रहे हैं और इन्शा अल्लाह यही कम संख्या एक दिन अधिकता में बदल जाएगी। यह अल्लाह तआला का वादा है और इस के नमूने हर दिन हम रोज़ देखते हैं।

प्रत्येक वर्ष लाखों की संख्या में लाखों जमाअत में शामिल होते हैं, इनमें से अधिकांश मुसलमानों में से ही हैं इस के बावजूद के हमारे पास संसाधन कम हैं, मुबल्लिग़ों की संख्या बहुत कम है, लेकिन फिर भी ख़ुदा तआला असामान्य परिणाम पैदा कर रहा है, बल्कि बहुत से लोग ऐसे जमाअत में शामिल होते हैं, जिन्हें ख़ुदा तआला स्वयं मार्गदर्शन करता है। अत: सपनों के माध्यम से बहुतों को हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम और जमाअत का परिचय हुआ और आप की सच्चाई उन पर स्पष्ट हुई और फिर एक समय के बाद किसी कारण से उन्हें अपनी खवाबें याद आती हैं। कई बार यह होता है कि बचपन में ख़ुवाबें देखीं या बहुत पहले समय में देखी हैं या बहुत जवाना में देखीं या बहुत समय पहले देखीं और फिर कुछ समय पहले उन्हें किसी न किसी कारण से वह ख़बाव याद आ जाती है तो वह बैअत कर लेते हैं। कुछ को पहले परिचय होता है और फिर वे इस्तिख़ारा करते हैं और अल्लाह तआला के मार्गदर्शन में जमाअत में शामिल हो जाते हैं। कुछ तब्लीग़ सुनते हैं जिस में अब मुबल्लग़ीन मुअल्लेमीन के अतिरिक्त अब हमारे रेडियो और टेलीविज़न के चैनल भी शामिल हो गए हैं, तो इस संदेश को सुन कर ख़ुदा तआला उन के दिल खोलता है। कुछ ऐसे लोग हैं जो जमाअत के विरोधियों के विरोध और उनके अंजाम को देख कर अहमदियत स्वीकार कर लेते हैं। कुछ को अल्लाह तआला निशान दिखाता है।

अत: जब अल्लाह तआला ने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को भी फरमाया कि मैं तुझे इज़्ज़त दूंगा और बढ़ाऊँगा फिर 1883 में जब आप ने कोई नियमित जमाअत का गठन भी नहीं किया था बल्कि आप ने दावा भी नहीं किया था बहुत कम लोग बल्कि आप से परिचित थे। अल्लाह तआला ने फरमाया

كَتَبَ اللّٰهُ لَاَغْلِبَنَّ اَنَا وَ رُسُلِيْ (अल्मुजादिला 22)

कि ख़ुदा ने लिख दिया है कि विजय मेरा और मेरे रसूल का है। उस समय तो आपका मसीह और महदी होने का दावा भी कोई नहीं था। फिर अल्लाह तआला ने आप को कहा لَا مُبَدِّلَ لِكَلِمَاتِهٖ कि कोई नहीं जो ख़ुदा तआला के शब्दों को टाल सके। आपकी जमाअत की प्रगति और तरक्की के भी कई इल्हाम हैं। अल्लाह तआला ने फरमाया मैं उन्नति दूंगा और तेरे प्यार करने वालों का गिरोह बढ़ाऊंगा। अत: आज इस एकेले आदमी की जमाअत जिस से अल्लाह तआला ने तरक्की का वादा किया था, इस की जमाअत सारी दुनिया में फैल चुकी है और हर दिन बढ़ रही है। हर रोज़ नए लोग शामिल हो रहे हैं कैसे ख़ुदा तआला रास्ते खोलता है किस तरह से शामिल होने वालों को मार्ग दर्शन देता है। इन की कुछ घटनाएं मैं प्रस्तुत करूंगा।

ख़वाबों के माध्यम से अहमदी होने वालों की कुछ घटनाएं हैं।

काज़ान से हमारे मुबल्लिग़ सिलसिला लिखते हैं कि एक दोस्त सन सफी लोइफ के साथ तब्लीग़ का सम्पर्क स्थापित हुआ। उनके साथ सवाल तथा जवाब होते रहे। कुछ समय बाद उन्होंने बैअत की कर ली। अपनी बैअत की घटना वर्णन करते हुए वह कहते हैं कि अल्लाह ने मुझे ख़्वाब दिखाया कि सीरिया के क्षेत्र में हूँ और दो गिरोह आपस में लड़ रहे हैं उनकी लड़ाई के समय एक तीसरा गिरोह आता है और इन दोनों को समझाता है कि आप एक दूसरे को मार कर ज़ुल्म कर रहे हो। यह लड़ाई खत्म करो और आपस में सुलह करो। तो वह तीसरे गिरोह के कहने पर अपने हथियार फेंक देते हैं और आपस में एक दूसरे को गले लगाना शुरू कर देते हैं। इस पर यह रूसी दोस्त कहते हैं कि मैं किसी से पूछता हूं कि यह तीसरी जमाअत कौन सी है जिसने इन दोनों गिरोहों की सुलह करवाई है तो मुझे बताया जाता है कि यह जमाअत अहमदिया के लोग हैं। इस तरह एक दूसरे ख़्वाब में यह कहते हैं मुझे अल्लाह तआला ने दिखाया कि बारिश का मौसम बना हुआ है और ठंडी हवा चल रही है और मुझे आवाज़ आई कि अहमदियत ही सही आस्था है। कहते हैं इन सपनों के बाद मैंने बैअत कर ली।

फ्रांस की एक महिला मालिका साहिबा हैं। अपनी अहमदियत स्वीकार करने की घटना का बताते हुए लिखती हैं कि मेरे सारे परिवार में अहमदियत का संदेश पहुंच चुका था और इस संबंध में अक्सर हमारे घर में बात भी होती रहती थी कि अमुक आदमी को अल्लाह तआला ने ख़्वाब के माध्यम से मार्गदर्शन किया और जमाअत में शामिल हो गए मैंने इन बातों को सुन रखा था लेकिन मैंने इसके बारे में कभी नहीं सोचा था। कहती हैं कि एक दिन मैंने ख़ुदा तआला से दुआ की कि तू ही मुझे बता कि क्या अहमदियत एक सीधा मार्ग है या ग़लत है? कहती हैं अगली तीन रातों में ख़ुदा तआला ने मुझे निरन्तर तीन ख़वाब दिखाए। पहले ख़्वाब में मैंने देखा कि जैसे क़यामत आ गई है और हर तरफ अराजकता है। लेकिन मेरे भाई बहन जो अहमदी हो चुके हैं वह बिल्कुल अराजकता में नहीं बल्कि बहुत ख़ुश हैं, जबकि मैं चीख़-पुकार कर रही हूँ कि हालात बहुत ख़तरनाक हैं लेकिन बिल्कुल चिंतित नहीं है बल्कि कह रहे हैं कि हमें जमाअत अहमदिया की मज्लिस में जाना है। मैं ख़्वाब की हालत में ही इन के साथ चिमट जाती हूं। फिर एक ख़्वाब में मैंने देखा कि मेरी बहन जो अहमदी हो चुकी है वह मुझ से कह रही है कि नमाज़ पढ़ो। यही एक तरीका है इसी तरह तीसरी रात मैंने ख़्वाब देखा कि मैं अपने भाई बहन के साथ बैठी हुई हूँ और मैंने महसूस किया कि जैसे अल्लाह तआला ने मेरे हाथ में कुछ लिखा है तो इन सपनों के बाद कहते हैं मेरे दिल से शंका दूर हो हो गई कि यह जमाअत की सच्चाई के बारे में ही ख़्वाब हैं और मैंने बैअत कर ली है और अब पूरा परिवार अहमदियत में शामिल हो चुका है।

अब्दुल अज़ीज़ तराड़वे साहिब जो आइवरी कोस्ट के एक गांव शीपो (Chiepo) में सेवा की तौफ़ीक़ पा रहे हैं। यह बताते हैं कि एक बुज़ुर्ग व्यक्ति वामारा तरोड़े साहिब ने एक दिन ख़्वाब में देखा कि उनके गांव में अरब लोग आए हैं। ख़्वाब में ही उनके आने पर कुछ लोग कहने लगे कि ये लोग असली अरब नहीं हैं। उसी समय वे कहते हैं मैंने एक आवाज़ सुनी कि अगर तुम ख़ुदा तआला को पाना चाहते हो तो इन्हीं लोगों के साथ पाओगे। इसके कुछ दिन बाद कहते हैं कि अहमदियों के मुबल्लिग़ हमारे गांव आए तो कुछ लोगों ने यह कहना शुरू कर दिया कि यह मुसलमान नहीं हैं। उन्हें पता था कि अहमदी मुबल्लिग़ हैं। उन्होंने कहा कि यह तो मुसलमान ही नहीं हैं और इन लोगों से दूर रहा जाए। यही हमारे मौलवी का

फत्वा है कि हम दूर रहें। उन्होंने जब यह देखा तो उन्हें अपना ख़्वाब याद आया। इस के कुछ दिन बाद ही वह बैअत कर के जमाअत में शामिल हो गए। जलसा सालाना आइवरी कोस्ट में भी यह शामिल हुए और महान जोश और उत्कृष्टता के साथ शामिल हुए।

कांगो ब्राजोवील से बशीर साकलह (Basheer Ntsakala) साहिब हैं यह कहते हैं कि मुझे पहली बार 2014 ई के वहां के स्थानीय जलसा सालना में भाग लेने का अवसर मिला। जहां पता चला कि हज़रत ईसा अलैहिस्सलाम वफात पा चुके हैं और अब वह आसमान से जीवित नहीं उतरेंगे। यह भी ज्ञात हुआ कि आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया था कि एक समय ऐसा आएगा के लिए मुसलमान संप्रदायों में विभाजित हो जाएगें और इस्लाम केवल नाम मात्र का शेष रह जाएगा उस समय हज़रत मसीह अलैहिस्सलाम आएंगे और केवल उनकी जमाअत हिदायत पर होगी। कहते हैं कि फिर मैंने जमाअत अहमदिया के साहित्य और किताबों का अध्ययन शुरू कर दिया जिस से मुझे अहमदियत की सच्चाई को समझने का मौका मिला। इसी दौरान एक रात मैंने ख़्वाब देखा कि एक आदमी ने मुझे सफेद और गुलाबी रंगे का सुन्दर लिबास दिया है और फिर रमज़ान के महीने में एक दिन ख़्वाब देखा कि मैं बहुत अच्छी बस में सफर कर रहा हूँ इस ख़्वाब के बाद मेरी तसल्ली हो गई कि बस चूंकि सफर का माध्यम होती है यही कारण है कि जिस ओर मैं सफर करने के लिए जा रहा हूँ वह बहुत उच्च है। अत: इस ख़्वाब के बाद मैंने अहमदियत को स्वीकार कर लिया।

करगिज़स्तान जमाअत के नए अहमदी अशलन रामेल (Ishalin Rameel) साहिब अपने अहमदियत स्वीकार करने की घटना बताते हैं। कहते हैं एक मुस्लिम परिवार में पैदा हुआ इसलिए इस्लाम मेरे लिए अजनबी धर्म नहीं था लेकिन मैंने धर्म के उद्देश्य के बारे में कभी सोचा ही नहीं और भरसक प्रयत्न के बारे में कभी नहीं सोचा था। जहां मैं काम करता हूं वहां किर्गिस्तान के सदर के साथ मुलाकात हुई तो इन की बातों से इस्लाम का वास्तिवकता मुझ पर धीरे-धीरे खुलनी शुरू हुई और मुझे इन बातों का एहसास हुआ कि वर्तमान समय के मुसलमान सच्चे इस्लाम का पालन नहीं कर रहे हैं। उनसे बात करके मुझे मेरे सवाल के जवाब मिलने शुरू हो गए कि कुरआन के संदर्भ, सुन्नत नबवी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हदीसों की प्रामाणिक किताबों, हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम और मेरे विभिन्न जो ख़ुत्बे थे, उनकी रोशनी में थे। कहते हैं मैंने देखना शुरू किया। इस प्रकार पहली बार मैंने कुरआन पढ़ना शुरू कर दिया। फिर एक दिन कहते हैं मैंने बैअत करने का फैसला किया। उसी रात मैंने ख़्वाब में देखा कि मेरे पिता जी के दोस्त ने मुझे एक ओर इशारा करते हुए कहा कि इस जगह पर एक निशान है लेकिन निशान के बारे में किसी को मत बताना क्योंकि आतंकवादी आकर इस निशान को नष्ट कर देंगे। अत: मैंने इस निशान को जाकर देखा, वह एक बहुत बड़ा बाग़ था। बाग़ में तितलियों की तरह के प्राणी उड़ रहे थे। इसलिए मैंने सोचा कि हम अल्लाह तआला के इस निशान को कैसे छुपा सकते हैं। इसी दौरान मैं ख़्वाब में पक्षी की तरह उड़ने लग जाता हूँ। वह कहते हैं और उड़ कर अपने पिता जी के दोस्तों के घर गया। वह चाय पी रहे होते हैं लेकिन मुझे देख कर बस एक पक्षी मानते हैं लेकिन मैं उन्हें तीन बार अल्लाहो अकबर कहता हूं तो वह घबरा जाते हैं कि यह पक्षी कैसे बोल सकता है। कहते हैं फिर आसमान की ओर उड़ जाता हूँ तो आसमान की ओर उड़ते समय पक्षी से एक फिरश्ते में बदल जाता हूँ। फिर मैं उस ज़मीन को देखता हूं कि हर कोई मर चुका है और कोई भी ज़िन्दा नहीं। यह कहते हैं कि मैं अपने घर की तरफ अपने सपनों में उड़ कर आता हूं। घर में प्रवेश करते वक्त मैं जाग रहा हूँ। इस ख़्वाब के बाद मैं कहता हूं कि अल्लाह तआला ने मुझे आध्यात्मिक शक्ति दी है। अत: इस के बाद मैंने बैअत कर ली और जमाअत अहमदिया में शामिल हो गया।

हम्दी मुहम्मद अब्दुल हादी साहिब मिस्र के कहते हैं कहते हैं कि अहमदियत के बारे में जानने से बहुत पहले मैंने ख़्वाब में देखा कि मैं एक सुनसान और वीरान रास्ते पर एक गुमनाम मंज़िल की ओर चल रहा हूँ। ऐसे में एक नेक इंसान आता है और मुझे इस रास्ते से निकालने के लिए एक नया तरीका निकालता है। अजीब बात यह है कि कोई प्रतिरोध किए बिना सहर्ष इस रास्ते पर चलना शुरू कर देता हूँ। जिस पर वह नेक इंसान मुझे लाकर खड़ा कर देता है, इस का कारण यह है कि इसके सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार से मुझे यह एहसास होता है कि जैसे इस ने मुझे बुरे अन्जाम से बचा कर अच्छे अन्जाम और अच्छे लोगों के रास्ते पर लाकर खड़ा कर दिया है। इस रास्ते पर चलते चलते कुछ देर के बाद एक ऊंचे स्थान पर पहुँच कर अपने पुराने रास्ते की तरफ देखता हूँ तो वहाँ पर एक अत्याचारी आदमी को कुछ लोगों से काम करवाते हुए पाता हूं तो मुझे लगता है कि अगर नेक इंसान मुझे रास्ते से न हटाता तो आज मैं भी कई लोगों की तरह इस ज़ुल्म का शिकार हो जाता। ख़्वाब में ही मुझे यह विचार आता है कि शायद यह नेक व्यक्ति ख़ुदा का नबी मूसा अलैहिस्सलाम है। कहते हैं बहुत समय बाद जब मेरा जमाअत अहमदिया से परिचय हुआ तो समझ में आया कि जिस रास्ते पर अग्रसर था वह तबाही और बर्बादी की ओर जाता था और जिस नेक इंसान ने मुझे इस रास्ते से उठाकर नए रास्ते पर डाल दिया वह हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम थे जब कि नया रास्ता अहमदियत अर्थात वास्तविक इस्लाम है।

तो यह कुछ नमूने मैंने प्रस्तुत किए। कोई रूस के पूर्व राज्यों काज़ान, किरगिज़स्तान से कोई यूरोप के देश का है। कोई पश्चिमी अफ्रीका में है कोई सेंट्रल अफ्रीका में है कोई अरब देश का है। विभिन्न देशों के लोग अलग-अलग भाषा बोलते हैं लेकिन एक ओर ही सब का मार्गदर्शन हो रहा है। यह मार्गदर्शन कौन कर रहा है यह निश्चित रूप से अल्लाह तआला उन लोगों को कह रहा है जिस ने आपको फरमाया कि मैं तेरे शुद्ध और पवित्र प्यारों के गिरोहों को बढ़ाऊंगा।

फिर मोरक्को से एक अहमदी अली शकूर साहिब अपनी बैअत की घटना लिखते हैं कि अहमदियत के परिचय के शुरुआती दिनों में जब मैं लिकाए मअल अरब नियमित देखा करता था मैंने रउया में देखा कि हज़रत ख़लीफतुल मसीह राबि रहमहुल्लाह तआला एक पहाड़ी की चोटी की ओर जाने वाले एक रास्ते पर चल रहे हैं। आप ने सफेद रंग का पाकिस्तानी वस्त्र पहना हुआ है। कहते हैं मैं हुज़ूर के पीछे पीछे चलते हुए पहाड़ी के पास पहुँच जाता हूँ। इस जगह हमें पहाड़ी के पीछे से एक तेज़ रोशनी नज़र आती है जो आसमान पर फैल जाती है और ऐसा मालूम होता है कि वह सुबह के समय की सफेदी है। कहते हैं मुझे कुछ भय महसूस होता है और मेरे कदम धीमे हो जाते हैं। कहते हैं हज़रत ख़लीफतुल मसीह राबि मेरे भय को महसूस करते हुए पीछे मुड़कर देखते हैं तो आपका नूर से भरा चेहरा देखकर अजीब स्थिति का सामना करता हूँ और कहता हूँ पता नहीं इस पहाड़ी के दूसरी ओर क्या है जो इस प्रकार नूर निकल रहा है तो आप मुस्कुरा कर कहते हैं। मेरे पीछे पीछे चलते रहो और डरो मत। कहते हैं अल्हम्दो लिल्लाह कि बावजूद भय और खतरों के इस रउया के अनुसार लिकाअ मअल अरब देखते हुए हुज़ूर के पीछे ही चलता रहा जब तक कि अहमदियत स्वीकार करने की मंज़िल आ गई। कहते हैं कि यूं तो मैं अहमदियत के बारे में जानने के बाद ही बैअत का फैसला कर लिया था और एम.टी. ऐ के द्वारा एक आलमी बैअत में शामिल होकर बैअत के शब्द भी दोहरा लिए थे लेकिन दिल संतुष्ट नहीं था क्योंकि बैअत के शब्द अंग्रेज़ी में थे जिनकी मुझे कोई समझ न आई थी। मुझे इस तरह बैअत करने से तसल्ली नहीं थी लेकिन मेरे निकट मूल बैअत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की सत्यता पर विश्वास और बैअत की शर्तों का पालन करने की कोशिश है और मैं उसी पर प्रतिबद्ध था। फिर जब जमाअत के साथ संपर्क हुए। अल्लाह तआला ने मेरी पत्नी को भी सच्चाई को स्वीकार करने की तौफीक़ दी और फिर हम दोनों ने 2010 ई की शुरुआत में नियमित रूप से बैअत फार्म भर कर बैअत कर ली।

फिर अल्जज़ायर के एक दोस्त, डॉ हजाज़ करीम साहिब हैं वह अपनी बैअत की घटना लिखते हैं। यह वहां की जमाअत के आमला के सदस्य भी हैं और हालिया दिनों की स्थिति की वजह से वह कैद में भी रह चुके हैं। अब भी उनकी कठिन परिस्थितियां हैं अल्लाह तआला इन की कठीनाइयों को दूर फरमाए। वह कहते हैं कि मैं बिगड़ी हुई इस्लामिक शिक्षा और कुरआन की ग़लत तफसीरों से बहुत निराश था। उलमा की तफ्सीरों को सुनकर सोचता था कि क्या यह ख़ुदा तआला का कलाम हो सकता है यहाँ तक कि जॉर्डन के एक अहमदी दोस्त द्वारा अहमदियत और संस्थापक जमाअत की तहरीरों का ज्ञान हुआ। हज़रत मसीह मौऊद की तफसीर पढ़ने से पहले नफल पढ़ कर दुआ की कि अल्लाह तआला सही रास्ते पर मार्गदर्शन करे जैसे-जैसे पढ़ता गया सीना खुलता गया और कलाम के भय से शरीर पर कपकपी तारी हो गई और ईमान हो गया कि यह किसी व्यक्ति का वचन नहीं बल्कि यह इलाही वह्यी है, लेकिन बैअत का निर्णय लेने से पहले, इस्तिख़ारा किया तो ख़्वाब देखा कि मैं शहर में अपने दोस्तों के साथ रात में गुज़र रहा हूं और एक नूर हमारे साथ चल रहा है। उसी समय फोन की घंटी बजती है तो मालूम हुआ कि इस पर इमाम महदी अलैहिस्सलाम का नम्बर आ रहा है। दिल में फैसला किया कि उन्हें वापस फोन करता हूं। अगर वह फोन का जवाब नहीं देते तो वह एक सच्चे नबी होंगे वरना नहीं। न जाने मुझे ख़्वाब में मुझे क्यों लगता है कि नबी फोन का जवाब नहीं दिया करते, अत: मैंने फोन किया देर तक घन्टी बजती रही, लेकिन उन्होंने फोन न

उठाया इसके बाद आप ने मेरे सामने तेजस्वी रूप में दर्शन दिया। मैंने क़ुरआन की आयतें और आऊज़ बिल्लाह पढ़ना शुरू कर दिया ताकि कहीं शैतान मुझ पर महदी का मामला संदिग्ध न कर दे उसके बाद तीव्रता के डर से जाग उठा। यह नमाज़ फज्र का समय था मुझे विश्वास है कि यह ख़्वाब सच है और फिर मैंने बैअत कर ली।

लोगों के लिए किस प्रकार निशान प्रकट होते हैं और बैअत का साधन बन जाते हैं इस के बारे में मुबल्लिग़ इन्चार्ज साहिब सैनेगाल एक घटना लिखते हैं। कहतें हैं कि सेनेगाल के क्षेत्र काज़मास (Cazamass) में तीन गांवों में अहमदियत का आरम्भ हुआ। इन गांवों में जमाअत की तरक्की को देख कर, विरोधी मौलवी और चीफ ने जमाअत के ख़िलाफ बद-दुआ करने का फैसला किया। वह कुरआन की तिलावत करके धरती पर हाथ मार-मार कर कहते कि अल्लाह तआला जमाअत और उसके मुबल्लिग़ को हलाक कर दे लेकिन अल्लाह तआला का करना ऐसा हुआ कि इस बद-दुआ के कुछ दिन बाद ही उनके सबसे बड़े इमाम को साँप ने काट लिया। सभी लोग फिर इकट्ठे होकर दुआ करने लगे कि अल्लाह तआला इमाम को बचा दे, परन्तु उन का यह बड़ा इमाम ख़ून की उलटियां कर के मर गया। फिर कुछ दिन बाद इस चीफ को भी ने साँप ने काट लिया जो जमाअत के ख़िलाफ बद-दुआ में शामिल था। उसे बचाने के लिए भी, मौलवियों ने दुआ की, लेकिन मृत्यु से उसे बचा नहीं सके। यह देखकर लोगों पर ख़ौफ़ तारी हुआ और ख़ुद ही कहने लग गए कि अहमदियत और अहमदी मुबल्लिग़ के ख़िलाफ बद-दुआ के परिणाम में ऐसा हो रहा है लेकिन मौलवियों ने कहना शुरू कर दिया कि यह सब अल्लाह तआला नहीं कर रहा बल्कि जिन्न ने साँप छोड़ा हुआ है और वह लोगों की हत्या कर रहा है अभी कुछ दिन ही हुए थे कि नायब चीफ को भी साँप ने काट लिया और वह भी इसी स्थिति से गुज़रते हुए हलाक हुआ। इसके बाद लोग हमारे मुबल्लिग़ के पास आए और हमारे मुबल्लिग़ को नहीं पता था कि इस तरह इन लोगों ने जमाअत के ख़िलाफ बद-दुआ की है लेकिन गांव वालों ने ख़ुद इस पूरी घटना को वर्णन किया और कहा कि हमें बचाओ हमें हमारी बद-दुआ ने हमें पकड़ लिया है। हमारे लिए कुछ करो अत: मुबल्लिग़ उन के गांव गए और हज़रत मसीह मौऊद की इस घोषणा के बारे में उन्हें बताया कि ख़ुदा तआला दुश्मनों की बुराई को नष्ट करेगा और जमाअत को तरक्की देगा और अब अल्लाह तआला के फज़ल से तीनों गांव के सात सौ से अधिक लोग बैअत कर के अहमदियत में शामिल हो गए हैं।

विरोधी ख़ुद भी कई बार नेक प्रकृति लोगों के लिए सच्चे अनुसंधान का रास्ते खोल देते हैं। एक घटना का ज़िक्र करते हुए बुर्किना फासो के क्षेत्र गोरोमो से मुअल्लिम सिलिसला लिखते हैं कि हमारी एक जमाअत पूरा(Poura) के वहाबी इमाम के बेटे ने एक मिशनरी वार्तालाप में भाग लिया जिसमें उन्होंने देखा कि ग़ैर अहमदी मौलवी, जिन्होंने पी.एच डी भी कर रखी थी दलीलें देने के स्थान पर, हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की शान में गुस्ताख़ी कर रहे थे। इस बात का उस लड़के पर बड़ा असर हुआ और उसने जमाअत के बारे में जांच शुरू कर दी। रेडियो पर जमाअत की नियमित तब्लीग़ सुनता रहा एक दिन अपने पिता(जो कि वहाबी इमाम हैं) से जमाअत के बारे में पूछा तो पिता ने जवाब दिया कि अहमदी मुसलमान नहीं हैं तुम उनके पास न जाना लेकिन महोदय नियमित रेडियो सुनते रहे। फिर उन्होंने हमारे मुअल्लिम से संपर्क किया और बैअत कर के जमाअत अहमदिया में शामिल हो गए। जब पिता को इस बारे में पता चला, तो उसने अपने बेटे को अपने घर से बाहर निकाला। कुछ दिन बाद, लड़के को अपनी मां का फोन आया कि तुम्हारे जाने के बाद, घर की शांति और अमन बर्बाद हो गया है। वापस आओ और अपने पिता से सुलह कर लो। जब उसने अपनी मां के कहने पर वह वापस आया तो उसने देखा कि पिता ने सभी ग्रामीणों को इकट्ठा किया और कहा कि यह मेरा बेटा नहीं है, यह काफिर है। अफ्रीकी परंपरा के अनुसार पिता का नाराज़ होना बहुत बुरा होता है। इस पर नौ अहमदी बेटे को काफी परेशानी हुई वह दुआ में लग गया तो एक दिन ख़्वाब में देखा कि कोई व्यक्ति कह रहा है कि अगर मुक्ति चाहते हो तो अहमदियत पर कायम रहो। इस ख़्वाब से, उन्हें और अधिक दृढ़ता प्राप्त हुई और अपने पिता से कहा कि आप जो चाहे कर लें अब मैं अहमदियत नहीं छोड़ सकता। अत: हज़ारों मील दूर रहने वालों के दिलों में भी अल्लाह तआला अहमदियत को मज़बूत कर देता है और फिर उन्हें दृढ़ता भी प्रदान करता है।

अल्लाह तआला ने इस्लाम की वास्तविक शिक्षा के द्वारा जहां हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम से बहुत प्यार करने वालों का समूह पैदा किया है। वहाँ आपस में मुहब्बत भी दिलों में पैदा कर दी है। अत: इस प्यार की घटनाओं का ज़िक्र करते हुए अमीर साहिब बेनिन लिखते हैं कि पारकोआ क्षेत्र में एक शहर है काले। यह पारकोवा शहर से 114 किलोमीटर दूर है, कच्चे रास्ते हैं इन से गुज़रते हुए और जंगलों में से गुज़रते हुए बिल्कुल जंगल में है। कहते हैं हम पिछले साल इस गांव में गए थे। पिछले साल इस गांव में बैअतें भी हुई थीं। इस वर्ष, पेड़ों की छाया के नीचे जलसा का आयोजन किया गया था, जहां सभी जमाअतों के नए अहमदियों को बुलाया गया था। जब केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल एक लंबी और कठिन यात्रा करके इस गांव पहुंचा तो गांव के लोगों ने नारे लगाते हुए इतने जोश से स्वागत किया कि गांव वालों की ईमानदारी देखकर सारी यात्रा की थकान दूर हो गई।

कहते हैं कि एक जमाअत मकारा (Makara) के नौमुबाईन सदर जमाअत ने,अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि लोगो यह सच्चा रास्ता है जिसने हमें ज़िन्दगी दी। यही वास्तविक धर्म इस्लाम है, जिसने हमें प्यार सिखाया। ग़ैर अहमदी इमाम ने हमारे मध्य प्यार को खत्म करने की कोशिश की, परन्तु अहमदियत ने हमें एकजुट किया है।

इसी तरह, एक नए अहमदी जमाअत डोरो(Doru) के सदर ने कहा कि अहमदियत ने ही हमें इस्लाम सिखाया है। जब हम सालाना जलसा पर गए तो किसी ने कोई अन्तर नहीं किया। सब गांव वाले और शहर वाले एक ही स्थान पर जमा थे न कोई लड़ाई थी न झगड़ा। अहमदियत ने हमें धर्म की समझ दी और अल्लाह तआला ने हम पर फज़ल किया कि हम लोग नमाज़ें पढ़ने लगे। फिर एक नए अहमदी ने कहा कि हम अहमदियत का धन्यवाद करते हैं कि हम जंगल वालों को इन्सान बनाया है। यहां बेटा बाप को सलाम नहीं करता था, लेकिन अहमदी मुसलमान और मुबल्लिग़ ने हमें प्रशिक्षित किया कि हर तरफ से सलाम की आवाज़ें आती हैं।

अल्लाह तआला मुसलमानों में भी और ग़ैर-मुसलमानों में भी किस प्रकार नेक फितरत लोगों को अहमदियत स्वीकार करने की बाद फिर ईमान में मज़बूती प्रदान करता है।

सिएरा लियोन की अमीर साहिब लिखते हैं कि बो क्षेत्र सिएरा लियोन की एक जमाअत सेल्वा(Sellu) में पिछले साल एक नई जमाअत की स्थापना हुई थी लेकिन वहां के इमाम ने उस समय बैअत नहीं की थी। कुछ समय पहले, जब इमाम ने जमाअत में शामिल होने की घोषणा की तो कुछ बुराई फैलाने वाले वहां पहुंच गए। इन लोगों ने वहां जाकर इमाम से कहा कि चूंकि यह मस्जिद जिस की आप इमामत करते हो मालकिया फिर्का की है इसलिए या तो अहमदियत छोड़ दो या फिर मस्जिद की इमामत छोड़ दो। इस पर इमाम साहिब ने जवाब दिया कि मैंने एक लंबे समय तक व्यक्तिगत अनुसंधान और अध्ययन के बाद अहमदियत स्वीकार की है और चूंकि मैं इमाम हूं और उन बातों को अपने लोगों से बेहतर समझ सकता हूँ इसलिए मैं आपको बताता हूँ कि अहमदियत ही वास्तविक इस्लाम है और में आप की मस्जिद और इमामत आप को सौंपता हूँ लेकिन अहमदियत छोड़ना मेरे लिए संभव नहीं।

ऐसे इमाम भी हैं जो आलिम हैं, जिन्हें अल्लाह तआला ने सच्चाई और समझ का ज्ञान भी दिया है। एक पाकिस्तानी उलमा हैं, जिनका केवल अपना स्वार्थ है और अपने पेट को भरने पर ध्यान है।

बेनिन के एक स्थानीय मुअल्लिम तौफीक साहिब लिखते हैं कि एक दोस्त बामैसूर (Bamesoro) करीम साहिब ने ईसाई धर्म से अहमदियत को स्वीकार किया। महोदय ने हमें अपने गांव हैती में तब्लीग़ के लिए आने के लिए आमंत्रित किया और कहा कि चाहे पूरे गांव में कोई भी स्वीकार न करे और चाहे लोग मेरा कितना ही विरोध क्यों न करें मैं अहमदी हूँ और अहमदी ही रहूंगा और अकेला ही तब्लीग़ करता रहूंगा। यह नए अहमिदयों की तब्लीग़ का जोश है इस में हम पुरानों के लिए एक शिक्षा है। जब उनके गांव में तब्लीग़ की, बीस लोगों को बैअत करने की तौफीक़ मिली। कुछ समय बाद जामिया अहमदिया नाइजीरिया के एक छात्र बशीर साहिब को वहां प्रशिक्षण के लिए भेजा गया, 100 से ज्यादा लोगों ने अहमदियत को स्वीकार किया। अहमदियत की बढ़ती संख्या को देख कर इमाम मस्जिद ने जमाअत का विरोध शुरू कर दिया और दैनिक तड़के जमाअत के ख़िलाफ उपदेश शुरू कर दिया लेकिन अहमदी दृढ़ रहे और गांव के पहले अहमदी बामैसूर करीम साहिब ने कहा कि जब तक इस गांव में जमाअत को मस्जिद के लिए जगह नहीं मिल जाती तब तक मेरा घर जमाअत के लिए मौजूद है। अल्लाह तआला की कृपा से, अहमिदयों ने वहां पर जुम्अ: की नमाज़ भी अदा की और ईद की नमाज़ भी अदा की। इमाम मस्जिद ने देखा कि अहमदियत हर दिन तरक्की कर रही है और फिर वह बामैसूर करीम साहिब के घर चला गया और उसे काफिर कहना शुरू कर दिया। इस पर करीम साहिब ने कहा, जब मैं एक ईसाई था, तुम में से किसी ने मुझे

इस्लाम का संदेश नहीं दिया अब जब मैं जमाअत अहमदयिा की वजह से मुसलमान हूँ, तो तुम ने मुझे एक काफिर कहना शुरू कर दिया। मैं अहमदी हूं और अहमदी ही मरूंगा, अत: मौलवी को वहां से अपमानित हो कर निकलना पड़ा और करीम साहिब एक उत्साहित दाई इलल्लाह बन चुके हैं। उन्हें तब्लीग़ का बड़ा शोक है बवाजूद इमाम मस्जिद के विरोध के, बड़े जोश और उत्साह के साथ तब्लीग़ कर रहे हैं और नई बैअतों को प्राप्त करने का माध्यम बन रहे हैं।

बुर्किना फासो से स्थानीय मुअल्लिम कोनाते अब्दुल हई साहिब कहते हैं कि एक नए अहमदी जियालो (Doalo) इब्राहीम ने बताया कि वह मुसलमान होने के बावजूद अक्सर शराब पीया करता था और इतनी अधिक पीता था कि लोग उन्हें पागल समझते थे और कोई भी उनके पास नहीं जाता था। एक दिन वह बीमार हो गया और कोई भी उससे मिलने नहीं आया। फिर उसने अहमदिया रेडियो सुनना शुरू कर दिया और अल्लाह तआला ने उन्हें हिदायत दी। जमाअत में प्रवेश कर गए और शराब पीना छोड़ दी लेकिन कुछ समय बाद फिर से बीमार हो गए और इस बार इतने बीमार हुए कि उन्होंने समझ लिया कि मेरा अंतिम समय आ गया है इसलिए महोदय ने दुआ की कि हे अल्लाह अगर इमाम महदी जिन को मैंने स्वीकार किया है कि यदि आप सच्चे हैं, तो मुझे लंबा जीवन दे। अल्लाह तआला ने उन की दुआ स्वीकार की। कहते हैं कि अल्लाह ने न केवल उन्हें रोग से बचा लिया बल्कि उन्हें स्वास्थ्य भी दिया ताकि वह जलसा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह इमाम महदी की बरकत है अगर वह आज जीवित हैं तो सिर्फ इस लिए कि उन्होंने सच्चाई को स्वीकार किया।

